पत्र संख्या–17/(विविध)–05–01/2024– 4116

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

प्रेषक,

कुमुद रंजन,
संयुक्त सचिव (प्रबंधन)–सह–नोडल पदाधिकारी (सात निश्चय),
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता, यांत्रिक सहित, जल संसाधन विभाग, बिहार,
अपर सचिव, प्रभारी प्रशाखा–03, 04 एवं 05,
निदेशक, क्रय भण्डार सामग्री प्रबंधन निदेशालय,
अधीक्षण अभियंता, उड़नदस्ता अंचल–1 एवं 2,
उप सचिव, प्रभारी प्रशाखा–01 एवं 02,
उप सचिव–1 (प्रबंधन),
श्री गुंजन कुमार, अवर सचिव (प्रबंधन)
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

/पटना, दिनांक– 28.8.25

विषयः– **सात निश्चय योजना पार्ट–01 एवं 02 से संबंधित प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सात निश्चय पार्ट–01 एवं पार्ट–02 से संबंधित प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में विभागान्तर्गत क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त करते हुए समेकित प्रतिवेदन सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को उपलब्ध कराया जाता है।

उल्लेखनीय है कि उक्त से सबंधित प्रपत्रो यथा अनु०–01 ("आरक्षित महिलाओं का अधिकार" बिहार राज्य की सभी सरकारी सेवाओं/संवर्गो के सभी पदों पर सीधी नियुक्ति महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण) अनु०–3 (स्वीकृत बल, महिला एवं पुरूष का अलग–अलग कार्यरत्त बल एवं रिक्तियों की सूचना) अनु०–6 (सरकारी क्षेत्र में रोजगार सृजन) से संबंधित प्रपत्र पूर्व में ही आपको प्रेषित किया गया है।

विदित हो कि आपके द्वारा विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराये गये आँकड़ों की प्रविष्टि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा विकसित वेब आधारित पोर्टल पर करायी जानी है। एक बार उक्त आँकड़ों की प्रविष्टि ऑनलाईन मोड में कराये जाने के उपरांत उसमें किसी प्रकार का संशोधन किया जाना विभागीय स्तर पर संभव नही होता है। अतः विहित प्रपत्र में विशुद्ध आँकड़े उपलब्ध कराना वांछनीय है।

वर्णित तथ्यों के आलोक में विशुद्ध आँकड़ों के साथ अद्यतन प्रतिवेदन पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के अन्दर Email (deputysecretary2wrd@gmail.com) पर उपलब्ध कराया जाय, ताकि अद्योहस्ताक्षरी द्वारा समेकित प्रतिवेदन ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कराते हुए सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार को भेजा जा सकें।

विश्वासभाजन

28/8/25

(कुमुद रंजन)
संयुक्त सचिव (प्रबंधन)–सह–
नोडल पदाधिकारी (सात निश्चय)

E:\2025 Year\Nodel file\7 nishcay\Letter.docx10

११

ज्ञापांक– 4116/ /पटना, दिनांक– 28.8.25

प्रतिलिपि :–कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, WRD, सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड/ई–मेल करवाने हेतु प्रेषित।

28/8/25

संयुक्त सचिव (प्रबंधन)–सह–
नोडल पदाधिकारी (सात निश्चय)।

E:\2025 Year\Nodel file\7 nishcay\Letter.docx11